नगर निगम, शाहजहॉपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 21.12.2020

- स्वच्छता सेवा एवं समाधान के उददेश्य के साथ नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार में आज दिनांक 21.12.2020 को मो0 रंगमहला में चलाया गया वॉक–टॉक एण्ड रिजॅाल्व कार्यक्रम।
- नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 20.12.2020 रात्रि को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अलाव स्थलो का एवं रैन बसेरा में किया ग**या निरीक्षण।**
- नगर आयुक्त महोदय श्री सन्तोष कुमार शर्मा जी द्वारा बरेली मोड़ स्थित आवास विकास कालोनी में अटल पार्क में होने वाले अनावरण की तैयारियों का आज किया गया निरीक्षण।

1– जन समस्याओ को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने तथा नगर निगम की सेवाओ को जनता के घर पर उपलब्ध कराने के उददेश्य से नगर निगम द्वारा वॉक–टॉक एवं रिजाल्व का अभिनव कार्यक्रम शुरू किया गया है। यह कार्यक्रम नियमित रूप से प्रत्येक सोमवार को प्रातः 9.00 बजे से 12.00 बजे तक चलाया जा रहा है, जिसका नेतृत्व सम्बन्धित जोनल अधिकारियो द्वारा किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में नगर निगम के समस्त विभागो से सम्बन्धित कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित होकर अपने से सम्बन्धित समस्याओ का तत्काल समाधान कर रहे है। इस क्रम में जोन–4 के मो0 रंगमहला में नगर आयुक्त महोदय के साथ सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 ओ0पी0गौतम,अधिशासी अभियन्ता श्री मोद नरायण झा,सहायक अभियन्ता जल श्री पी0के0 सिंह,अवर अभियन्ता श्री विक्रमाजीत यादव, राजस्व निरीक्षक श्री शिव पूजन सिंह ,सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री चन्द्रवीर, सफाई नायक रामबाबू,टी0सी0 श्री रनवीर सिंह उपस्थित रहे। नगर आयुक्त महोदय द्वारा पूरे मोहल्ले में भ्रमण कर निवासियो से वार्ता की गई एवं उनकी समस्याओ एवं सुझाव को सुना गया। नगर आयुक्त महोदय के निर्देशानुसार मौके पर ज्ञात पेयजल,प्रकाश व्यवस्था एवं सफाई के सम्बन्ध में प्राप्त 05 प्रकरणो में से 02 का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही नगर आयुक्त महोदय ने क्षेत्र में दुकानदारो से पॉलीथीन का उपयोग न करने एवं प्रत्येक दुकान मे डिस्टबिन रखने हेतु अपील की गई। नगर आयुक्त महोदय द्वारा नगर निगम के समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो को निर्देशित किया गया है कि जो समस्या तत्काल निस्तारित की जा सकती है,उसे अनिवार्य रूप से उसी दिन निस्तारित करायी जाये। नगर आयुक्त महोदय द्वारा इस कार्यक्रम में सहभागिता करते हुये इसे सफल बनाये जाने के लिये नगर वासियो से अपील की गई।

2. नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा एवं अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह द्वारा जनसामान्य की सुविधा हेतु बने अजीजगंज स्थित रैन बसेरा,हनुमतधाम स्थित रैन बसेरा टाउनहाल स्थित रैन बसेरा तथा आम जनमानस को शीत लहर के प्रकोप से बचाव हेतु नगर में राजघाट पुलिस चौकी,केरूगंज व कच्चा कटरा एवं अन्य क्षेत्रों में लगे अलाव की व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिसमें नगर आयुक्त महोदय ने रैन बसेरो एवं नगर के अन्य क्षेत्रों में नियमित रूप से अलाव लगाये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त नगर आयुक्त महोदय द्वारा निराश्रित व्यक्तियो की सुविधा हेतु रैन बसेरा में शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ–सफाई, सेनेटाइजेशन, फागिंग तथा कीट नाशक दवा छिड़काव का कार्य नियमित रूप से कराये जाने हेतु नोडल अधिकारी को निर्देशित किया गया। तथा रैन बसेरा में रूके लोगो से फेस मास्क,समय–समय से हाथ धोने व सेनेटाइजर के उपयोग करने की अपील की तथा रैन बसेरा में आने वाले व्यक्तियो का नियमित रूप से थर्मल स्क्रीनिंग एवं पल्स ऑक्सीमीटर से चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता नगर स्वास्थ्य अधिकारी श्री ओ0पी0 गौतम उपस्थित रहे।

3. नगर निगम द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई जी की स्मृति मे बरेली मोड़ स्थित आवास विकास पार्क मे अटल बिहारी बाजपेई जी की प्रतिमा स्थापित की जा रही है। इस पार्क का शीघ्र ही लोकार्पण किया जायेगा। जिसके अन्तर्गत नगर आयुक्त महोदय द्वारा पार्क में होने वाले अनावरण की तैयारियों का आज निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान अवशेष कार्य यथाशीघ्र कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ अपर नगर आयुक्त श्री एस0के0सिंह,महाप्रबन्धक (जल) श्री वी0एन0द्विवेदी उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम, शाहजहॉपुर